# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| MID TERM EXAMINATION 2023-24 | | |
|---|---|---|
| CLASS-IX | SUBJECT- HINDI (2ND LANG.) | MAX. MARKS: 80 |
| Date: 01.10.23 | SET: I | Time: 3 hours |

निर्देश:

(क) इस प्रश्न पत्र के दो खंड हैं- 'अ' और 'ब'

(ख) खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित कुल 44 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(ग) खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं। प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

(घ) दोनों खंडों में कुल 18 प्रश्न हैं । दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।

(ङ.) यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए । इस प्रश्न-पत्र में कुल 8 पृष्ठ हैं।

## खंड- अ (वस्तुपरक प्रश्न)

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए- (5X1=5)

आज का विद्यार्थी भविष्य की सोच में कुछ अधिक लग गया है । भविष्य कैसा होगा, वह भविष्य में क्या बनेगा, इस प्रश्न को सुलझाने में या दिवास्वप्न देखने में वह बहुत समय नष्ट कर देता है । भविष्य के बारे में सोचिए, लेकिन भविष्य को वर्तमान पर हावी मत होने दीजिए क्योंकि वर्तमान ही भविष्य की नींव बन सकता है। अतः नींव को मज़बूत बनाने के लिए आवश्यक है कि भान तो भविष्य का भी हो,लेकिन ध्यान वर्तमान पर रहे । आपकी सफलता का मूलमंत्र यही हो सकता है कि आप एक स्वप्न लें, सोचें, कि आपको क्या बनना है और क्या करना है और स्वप्न के अनुसार कार्य करना प्रारंभ करें। वर्तमान रूपी नींव को मजबूत करें और यदि वर्तमान रूपी नींव सबल बनती गई, तो भविष्य का भवन भी अवश्य बन जायेगा। जितनी मेहनत हो सके, उतनी मेहनत करें और निराशा को जीवन में स्थान न दें। यह सोचते हुए समय खराब न करें कि अब मेरा क्या होगा, मैं सफल भी हो पाऊँगा या नहीं ? ऐसा करने में आपका समय नष्ट होगा और जो समय नष्ट करता है, तो समय उसे नष्ट कर देता है। वर्तमान में समय का सदुपयोग भविष्य के निर्माण में सदा सहायक होता है । भविष्य के बारे में अधिक सोच या अधिक चर्चा करने से चिंताएँ घेर लेती हैं। ये चिंताएँ वर्तमान के कर्म में बाधा उत्पन्न करती हैं। ये बाधाएँ हमारे उत्साह को, लगन को धीमा करती हैं और लक्ष्य हमसे दूर होता चला जाता है। निःसन्देह भविष्य के लिए योजनाएँ बनानी चाहिए, किंतु वर्तमान को विस्मृत नहीं करना चाहिए। भविष्य की नींव बनाने में वर्तमान का परिश्रम भविष्य की योजनाओं से अधिक महत्वपूर्ण है ।

(i) आज का विद्यार्थी अपना समय किन बातों में नष्ट कर देता है ?

(क) भविष्य की सोच में या दिवास्वप्न देखने में (ख) फिल्में देखने में

(ग) सोशल नेटवर्किंग में (घ) सैर - सपाटा करने में ।

(ii) हमारी सफलता का मूलमंत्र क्या हो सकता है ?

(क) केवल दिवास्वप्न देखते रहना (ख) वर्तमान को भुला देना ।

(ग) भविष्य की योजनाएँ बनाने में व्यस्त रहना (घ) स्वप्न देखकर लक्ष्य निर्धारित करना

(iii) समय का हमारे जीवन में क्या महत्व बताया गया है ?

(क) वर्तमान के निर्माण में सहायक (ख) भविष्य के निर्माण में सहायक

(ग) भूतकाल के कार्यों में सहायक (घ) इनमें से कोई नहीं ।

(iv) हम अंततः लक्ष्य से कैसे दूर होते जाते हैं ?

(क) वर्तमान से चिंतित होकर (ख) निराशापूर्ण स्थिति के कारण

(ग) भविष्य के विषय में सोचकर, चिंतित होने से (घ) इनमें से कोई नहीं ।

(v) उपर्युक्त गद्यांश के लिए एक उपयुक्त शीर्षक है-

(क) वर्तमान का महत्व (ख) भविष्य की सोच

(ग) वर्तमान : भविष्य की नींव (घ) वर्तमान में परिश्रम न करना ।

प्रश्न 2. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए - (5X1=5)

डॉ. कलाम दृढ़ इच्छा-शक्ति वाले वैज्ञानिक थे। वे भारत को विकसित देश बनाने का सपना संजोए हुए थे। उनका मानना था कि भारतवासियों को व्यापक दृष्टि से सोचना चाहिए। हमें सपने देखने चाहिए। सपनों को विचारों में बदलना चाहिए। विचारों को कार्यवाही के माध्यम से हकीकत में बदलना चाहिए। डॉ. कलाम तीसरे ऐसे वैज्ञानिक हैं, जिन्हें भारत का सर्वोच्च सम्मान 'भारत रत्न' दिया गया। उन्हें 'पद्मभूषण' तथा 'पद्मविभूषण' से भी सम्मानित किया गया। भारत को उन पर गर्व है। इतनी उपलब्धियाँ प्राप्त करने के बावजूद अहंकार कलाम जी को छू तक नहीं पाया। वे सहज स्वभाव के एक भावुक व्यक्ति थे। उन्हें कविताएँ लिखना, वीणा बजाना तथा बच्चों के साथ रहना पसंद था। वे सादा जीवन उच्च विचार में विश्वास रखते थे। कलाम साहब का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। कलाम जी तपस्या और कर्मठता की प्रतिमूर्ति हैं। राष्ट्रपति पद की शपथ लेते समय दिए गए भाषण में उन्होंने कबीरदास जी के इस दोहे का उल्लेख किया था-'काल करे सो आज कर, आज करे सो अब'।

(i) डॉ. कलाम ने भारत को क्या बनाने का सपना देखा है?

(क) अल्प विकसित देश (ख) विकसित देश (ग) निर्मित देश (घ) विकासशील देश

(ii) गद्यांश में विचारों की कार्यवाही के माध्यम से किसमें बदलाव की बात कही जा रही है?

(क) वास्तविकता में (ख) असत्य में (ग) भावुकता में (घ) असहजता में

(iii) डॉ. कलाम एक दृढ़ इच्छा-शक्ति वाले ---------------------- थे?

(क) वैज्ञानिक (ख) कलाकार (ग) साहित्यकार (घ) दार्शनिक

(iv) डॉ. कलाम को क्या नहीं छू पाया था ?

(क) अविश्वास (ख) विश्वास (ग) गर्व (घ) अहंकार

(v) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

(I) डॉ. कलाम भारत को विकासशील देखना चाहते थे।

(II) उपलब्धियाँ प्राप्त करने के कारण डॉ कलाम में अहंकार आ गया था।

(III) डॉ. कलाम तपस्या और परिश्रम के साक्षात् उदाहरण थे।

(IV) वह वैज्ञानिक होने के साथ-साथ कवि और वादक भी थे।

गद्यांश के आधार पर कौन-सा कथन/से कथन सही हैं?

(क) केवल II (ख) केवल III (ग) III और IV (घ) I और II

प्रश्न 3. निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्पों का चयन कीजिए– (2X1=2)

(i) शब्द किसे कहते हैं?

(क) वर्गों के समूह को (ख) वर्णों के सार्थक समूह को

(ग) वाक्य में प्रयुक्त शब्द को (घ) शब्दों के परिचय को

(ii) पद किसे कहते हैं?

(क) वर्गों के समूह को (ख) शब्दों के समूह को

(ग) वाक्य में प्रयुक्त शब्द को (घ) शब्दों के परिचय को

प्रश्न 4 . निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं **<u>तीन</u>** प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (3X1=3)

(i) निम्नलिखित शब्दों में से उस शब्द को चुनिए, जिसमें अनुस्वार का प्रयोग हुआ है –

(क) गाँव (ख) मुँह (ग) धुँधले (घ) जंगल

(ii) किस शब्द के साथ अनुस्वार का प्रयोग नहीं किया गया, लिखिए –

(क) सुन्दर (ख) रंगीन (ग) तंबू (घ) नींद

(iii) शुद्ध रूप चुनिए -

(क) आतंक (ख) आंतंक (ग) आतक (घ) आँतक

(iv) शुद्ध रूप चुनिए:

(क) कौधा (ख) कोंधा (ग) कौंधा (घ) कौंधां

प्रश्न 5.निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **<u>चार</u>** प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (4X1=4)

(i) 'बिनखाए' शब्द में किस उपसर्ग का प्रयोग हुआ है?

(क) बे (ख) बिन (ग) बि (घ) खाए

(ii) 'अत्यंत' में मूल शब्द है?

(क) अंत (ख) अति (ग) यंत (घ) अत

(iii) 'सह' उपसर्ग से बनने वाला शब्द कौन सा है ?

(क) सहज (ख) सहना (ग) सहपाठी (घ) सहनीय

(iv) शब्दों के अंत में लगने वाले शब्दांश को क्या कहते हैं?

(क) समास (ख) संधि (ग) उपसर्ग (घ) प्रत्यय

(v) 'ई' प्रत्यय से बनने वाला शब्द कौन सा है ?

(क) हरियाणवी (ख) मराठी (ग) सादगी (घ) पंजाबी

प्रश्न 6. निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं **<u>तीन</u>** प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (3X1=3)

(i) 'परम + ईश्वर' की सही संधि है –

(क) परमीश्वर (ख) परिमश्वर (ग) परमेश्वर (घ) परमेसर

(ii) 'देवर्षि'का सही संधि-विच्छेद है –

(क) देव + ऋषि (ख) देवा + ऋषि (ग) दैवा +ऋषि (घ) दैव+ऋषि

(iii) 'रवि + ईश' की सही संधि है –

(क) रवीस (ख) रवीश (ग) रविश (घ) रविईश

(iV) 'पर + उपकार ' की सही संधि है –

(क) परूपकार (ख) परुस्कार (ग) परउपकार (घ) परोपकार

प्रश्न 7. निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए l (4X1=4)

(i) विराम चिह्न का अर्थ क्या है ?

(क) चलना (ख) ठहरना या रुकना

(ग) वाक्यों का दोहराव (घ) इनमे से कोई नहीं

(ii) इनमें से 'अल्पविराम ' विराम चिह्न कौन-सा है ?

(क) ˆ (ख) “” (ग) , (घ) o

(iii) जिस वाक्य में प्रश्न पूछा जाता है, उसके अंत में लगता है -

(क) प्रश्नवाचक चिह्न (ख) पूर्ण विराम (ग) अर्द्ध विराम (घ) हंसपद

(iv) ख़ुशी का भाव व्यक्त करने वाले वाक्यों में---------- का प्रयोग करते हैं ।

(क) पूर्ण विराम (ख) अर्द्ध विराम

(ग) अल्प विराम (घ) विस्मयादिबोधक चिह्न

(v) पूर्ण विराम चिह्न का प्रयोग वाक्य में कहाँ किया जाता है ?

(क) वाक्य के अंत में (ख) वाक्य के प्रारंभ में

(ग) वाक्य के बीच में (घ) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 8. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए – (5X1=5)

नाद रीझि तन देत मृग, नर धन हेत समेत।
ते रहीम पशु से अधिक, रीझेहु कछू न देत।।
बिगरी बात बनै नहीं, लाख करौ किन कोय।
रहिमन फाटे दूध को, मथे न माखन होय।।

(i) हिरण संगीत पर मस्त होकर क्या करता है?
(क) कुलाचें भरता है (ख) ऊँची छलाँग लगाता है
(ग) प्राण न्यौछावर कर देता है (घ) लय-ताल पर चलता है

(ii) कवि ने पशु से भी नीच किसे कहा है ?
(क) जो पशुओं को जान से मार देते हैं (ख) केवल दूसरों के बारे में सोचते हैं
(ग) दूसरों की अच्छाई देखते हैं (घ) जो किसी पर खुश होकर भी उसे कुछ नहीं देते

(iii) प्रथम दोहे के माध्यम से कवि मानव को क्या सीख देता है ?
(क) हमें दूसरों के गुणों की प्रशंसा करनी चाहिए (ख ) हमें अहंकार नहीं करना चाहिए
(ग) हमें किसी की मदद नहीं करनी चाहिए (घ) बुरी बातें नहीं बोलनी चाहिए

(iv) द्वितीय दोहे में कवि ने किसका उदाहरण दिया है?
(क) बिगड़ी बात का (ख) फटे दूध का
(ग) मक्खन का (घ) घी का

(v) द्वितीय दोहे से हमें क्या सीख मिलती है
(क) कड़वा बोलने की (ख) सच बोलने की
(ग) बनी हुई बात को न बिगाड़ने की (घ) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए- (2X1=2)

(i) रैदास के दूसरे पद में 'गरीब निवाजु' का अर्थ क्या है ?
(क) गरीबी में रहने वाला (ख) गरीबों पर दया करने वाला
(ग) गरीब के घर खाना खाने वाला (घ) अमीरों पर दया करने वाला

(ii) रहीम के दोहे कैसे होते है?
(क) लंबे (ख) बिना अर्थ के
(ग) कम शब्द के (घ) कम शब्दों में अधिक अर्थ बताने वाले

प्रश्न 10. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए – (5X1=5)

लेखक अपने घर में आए अतिथि को अपने मन में संबोधित करते हुए कहता है कि आज अतिथि को लेखक के घर में आए हुए चार दिन हो गए हैं और लेखक के मन में यह प्रश्न बार-बार आ रहा है कि तुम कब जाओगे, अतिथि? लेखक अपने मन में अतिथि को कहता है कि वह जहाँ बैठे बिना संकोच के सिगरेट का धुआँ उड़ा रहा है, उसके ठीक सामने एक कैलेंडर है। लेखक कहता है कि पिछले दो दिनों से वह अतिथि को कैलेंडर दिखाकर तारीखें बदल रहा है। ऐसा लेखक ने इसलिए कहा है कि लेखक अतिथि की सेवा करके थक गया है। पर चौथे दिन भी अतिथि के जाने की कोई संभावना नहीं लग रही थी। लेखक अपने मन में अतिथि को कहता है कि अब तुम लौट जाओ, अतिथि! तुम्हारे जाने के लिए यह उच्च समय अर्थात हाईटाइम बिल्कुल सही वक्त है। क्या उसे उसकी मातृभूमि नहीं पुकारती?अर्थात क्या उसे उसके घर की याद नहीं आती।

(i) 'तुम कब जाओगे अतिथि' पाठ में लेखक ने कैसे लोगों पर व्यंग्य किया है ?

(क) राजनेताओं पर (ख) फिल्म निर्माताओं पर

(ग) शिक्षा व्यवस्था पर (घ) अतिथियों पर

(ii) अतिथि कितने दिनों से लेखक के घर में रह रहा है?

(क) पाँच दिनों से (ख) चार दिनों से (ग) तीन दिनों से (घ) छह दिनों से

(iii) लेखक अतिथि को दिखाकर तारीखें क्यों बदल रहा था?

(क) लेखक का तारीख बदलने का नियम था ।

(ख) वह अतिथि को कैलेंडर दिखाना चाहता था ।

(ग) अतिथि को अपने कार्यक्रम के बारे में बताना चाहता था ।

(घ) अतिथि को बताना चाहता था कि उन्हें आए कितने दिन हो गए ।

(iv) लेखक की पत्नी अतिथि के सत्कार से दुखी होकर क्या बनाने को कहती है?

(क) खिचड़ी (ख) पुलाव (ग) आलू (घ) खीर

(v) लेखक को अतिथि से क्या उम्मीद थी?

(क) वह कुछ काम करेगा (ख) वह लेखक की मदद करेगा

(ग) वह अगले ही दिन चला जाएगा (घ) इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 11. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए- (2X1=2)

(i) अग्रिम दल का नेतृत्व कौन कर रहा था ?

(क) शेरपा कुली (ख) उपनेता प्रेमचंद

(ग) स्वयं लेखिका (घ) कर्नल खुल्लर

(ii) लड़के को बचाने के लिए बुढ़िया ने क्या किया?

(क) वह चिकित्सक को बुलाकर लाई (ख) उसने स्वयं भी देशी दवा खाने को दी

(ग) वह ओझा को बुलाकर लाई (घ) वैद्य को बुलाकर लाई ।

खंड ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

प्रश्न 12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर 60 शब्दों में दीजिए- (3X2=6)

क. लेखिका के तंबू में गिरे बर्फ़ पिंड का वर्णन किस तरह किया गया है ?

ख. जब अतिथि चार दिन तक नहीं गया, तो लेखक के व्यवहार में क्या-क्या परिवर्तन आए?

ग. पास-पड़ोस की दुकानों से पूछने पर लेखक को क्या पता चला?

प्रश्न 13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर 60 शब्दों में दीजिए- (3X2=6)

क. दूसरे पद की 'जाकी छोती जगत कउ लागै ता पर तुहीं ढ़रै' इस पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए।

ख. मोती, मानुष, चून के संदर्भ में पानी के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए ।

ग. हमें अपना दुख दूसरों पर क्यों नहीं प्रकट करना चाहिए? अपने मन की व्यथा दूसरों से कहने पर क्या होता है?

प्रश्न 14. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर 60 शब्दों में दीजिए- (3X2=6)

क. सोनजुही की लता के नीचे बनी गिल्लू की समाधि से लेखिका के मन में किस विश्वास का जन्म होता है?

ख. मक्खनपुर पढ़ने जाने वाली बच्चों की टोली रास्ते में पड़ने वाले कुएँ में ढेला क्यों फेंकती थी?

ग. मनुष्य का अनुमान और भावी योजनाएँ कभी-कभी कितनी मिथ्या और उलटी निकलती हैं'– का आशय स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 15. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए- (6)

(1) दूरदर्शन का महत्त्व - * दूरदर्शन का महत्त्व * दूरदर्शन हर उम्र का साथी *लाभ *हानियाँ

(2) सत्संगति का महत्त्व – * सत्संगति का अर्थ * लाभ *उन्नति पथ पर अग्रसर

(3) मनोरंजन के साधन - * मनोरंजन का अर्थ * प्राचीन युग में मनोरंजन के साधन *आधुनिक युग में मनोरंजन के साधन * मनोरंजन और सामाजिक हित

प्रश्न 16. बरसात के मौसम में डेंगू-मलेरिया के प्रसार को रोकने के लिए आपको किन सावधानियों का पालन करना चाहिए ,यह बताते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए । (6)

अथवा

जीवन में हर कदम पर आत्मविश्वास का महत्त्व बताते हुए छोटे भाई को पत्र लिखिए ।

प्रश्न 17. भारत और श्रीलंका के बीच खेले गए एक दिवसीय मैच के संबंध में दो मित्रों की बातचीत को संवाद के रूप में लिखिए । (5)

अथवा

अपने विद्यालय में मनाए गए शिक्षक दिवस के बारे में बताते हुए अपनी माताजी और अपने मध्य हुए वार्तालाप को संवाद के रूप में लिखिए ।

प्रश्न 18 दिए गए चित्र को ध्यान से देखकर अपने मन में उभरे विचारों को 100 शब्दों में अपनी भाषा में प्रस्तुत कीजिए । (5)

